हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


11 सेवा पखवाड़ा में अंचल के 30 युवाओं ने किया रक्तदान





12 विज्ञान मेले में वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# महाअष्टमी पर मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हुआ हवन-पूजन

## हवन के बाद समितियों ने नौ कन्या भोज का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

क्वांर नवरात्रि के आंठवे दिन जिले में मंदिरों के साथ पंडालों में विराजित मां दुर्गा पंडालों में समितियों द्वारा हवन पूजन किया गया। इस दौरान हवन में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त माता रानी के दर्शन के लिए पहुंचते दिखे। कुछ मंदिरों में नवमी हवन पूजन आज बुधवार को होगा।

नवरात्रि के आठवें दिन जिले के मंदिर समितियों व पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं में पूरे रीति रिवाज से हवन पूजन किया गया, जहां सुबह से ही मंदिरों में हवन की तैयारियां की जा रही थी और हवन के लिए हवन कुण्ड तैयार करने के साथ ही मंदिरों व पंडालों में सुंदर रंगोली





बनाकर मंदिर प्रांगण को सुसज्जित किया गया। हवन के लिए विशेष प्रकार की लकड़ीयां व हवन सामग्रियों की तैयारियां करने के बाद शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में स्थानीय बैगाओं द्वारा डांग डोरी के माध्यम से बाजे गाजे के साथ मंदिरों व पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा के पास पहुंचकर हवन संपन्न कराते दिखे। हवन के बाद समितियों द्वारा नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें माता के प्रतिरूप कन्याओं को पूरे विधि विधिन से पैर धुलवा कर आसन में विराजमान कर पूजा अर्चना करने के बाद माता के प्रतिरूप कन्याओं को विभिन्न प्रकार के पकवान खिलाए गए तथा उन्हें भेंट स्वरूप श्रृंगार सामान प्रदान किया गया। जहां नौकन्या भोजन के बाद समितियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## कार्रवाई

### 2015 से था फरार करोड़ों की धोखाधड़ी का है आरोप

# दिव्यानी चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर राजेश यूपी में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड नामक चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आरोपी वर्ष 2015 से फरार था। आरोपी की तलाश छत्तीसगढ़ व अन्य राज्य के विभिन्न जिलो की पुलिस कर रही थी। बालोद पुलिस को सफलता मिली। उक्त कंपनी के विरूद्व जिला दुर्ग, रायपुर, धमतरी, कोरबा, जांजगीर–चांपा में अपराध पंजीबद्व है। उक्त कंपनी के 09 डायरेक्टारो को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त कंपनी के विरूद्व थाना बालोद में 02 अपराध पंजीबद्व किया गया है। दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर के द्वारा करोड़ो की धोखाधड़ी किया गया है।

दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड नामक चिटफंड कंपनी के संचालक पर आरोप है कि एजेन्ट के माध्यम से कंम्पनी की लुभावनी स्कीम एवं अधिक ब्याज का लालच देकर षडयंत्र पुर्वक आम जनता से करोडों रूपया जमा कराकर परिपक्वता तिथि एवं समयावधि में राशि नही देकर निवेशकों एवं प्राथी से धोखाधड़ी कर कंपनी को बंद कर भाग गये है। मामले की शिकायत

**खास बातें**

- दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड के खिलाफ कई जिलों में दर्ज अपराध, 9 डायरेक्टर्स पहले ही गिरफ्तार
- साइबर तकनीकी और विशेष टीम की मदद से यूपी से आरोपी को पकड़ कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया



परआरोपियों के खिलाफ़ धारा 420, 467, 468, 471, 406, 34 भादवि, 3,4,5 ईनामी चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनिय धारा 10 छ.ग. निपेक्षकों के हितो का सरंक्षण अधिनियम, का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के विवेचना में नामजद 09 डायरेक्टरों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

अन्य आरोपीगण घटना के बाद से लगातार फरार होने से विशेष टीम भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर(म.प्र.) टीम भेजा गया था, जिन्होने पूर्व में आरोपी राजेश कुमार यादव पिता गिरदावल सिंह उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम साला सिमार थाना अजीतमल जिला औरैया (उ.प्र.) के घर पर रेड़ कार्यवाही किया गया था, जो अपने फरार होने से उक्त आरोपी पुलिस की पकड़ में नही आया था। सायबर तकनीकी के माध्यम से राजेश कुमार यादव को पकड़ने सायबर सेल एवं थाना स्तर पर टीम गठित कर दीगर राज्य उत्तरप्रदेश भेजा गया था। गठित टीम द्वारा फरार आरोपी राजेश कुमार यादव को पकड़ने में सफलता प्राप्त किया। जिसे पुछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वर्ष 2013 में काम की तलाश पर ग्वालियर पहुंचा, जहां इनकी मुलाकात दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड के डायरेक्टर विपिन सिंह से हुई। जिसके कंपनी में अन्य डायरेक्टर सीमा चौधरी, राजकुमार यादव थे। दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड कंपनी में कुछ समय तक काम करने के बाद वर्ष 2015 में कंपनी में दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड का कार्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में फैला हुआ था।

दिव्यानी प्रापर्टी लिमिटेड के माध्यम से लोगों से राशि आसान किस्तों में जमा कराते थे, जिन्हे एक निश्चित समय बाद राशि लाभांश के साथ वापस करना था। लेकिन लोगों के द्वारा जमा किये गये राशि कंपनी द्वारा वापस नहीं करना बताये। पुलिस का कहना है कि आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार्य किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बालोद में ही अन्य अपराध 420,34 भादवि एवं इनामी चिट एवं धन परि. पाबंदी अधि. 1978 एवं निक्षे. के हितों के संरक्षण अधि0 2005 की धारा 10 जोडने धारा 467,468,471 ,406 भादवि कायम है। उक्त दोनो प्रकरणों में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# निर्माण भूमि को खाली बताकर 74.68 लाख की ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदतन अपराधी अश्वनी कुमार डडसेना को बालोद पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। उस पर भवन निर्माण भूमि को खाली जमीन बताकर जमीन रजिस्ट्री कराकर कुल 74,68,000 रूपये का धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 20 निवासी पाररास थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थी दीनदयाल जेठूमल पिता केजूराम 47 वर्ष द्वारा 22 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह दीनदयाल योग वेदांत फाउंडेशन का संचालक है, अपने आश्रम के लोगो को योग ध्यान की शिक्षा देता है। प्रार्थी ने बताया कि 25 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 तक परस राम साहू, अश्वनी डडसेना, और उसके अन्य साथियों के द्वारा आश्रम के संचालक से जमीन का सौदा करने संपर्क किया गया फिर इकरारनामा करने के नाम से ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज लेकर बुलाया गया। इकरारनामा ना कर सीधे जमीन का सौदा करने की बात कहते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय में जाकर



- धोखाधड़ी के आरोपी अश्वनी डडसेना पुलिस के शिकंजे में
- धोखे से कराई रजिस्ट्री : खाली जमीन बताकर की धोखाधड़ी

जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई। सौदे की शेष राशि पूछे जाने पर एक फर्जी चेक दिया गया। जिस जमीन पर लाखो रूपये का भवन निर्माण है उसे खाली भूमि बताकर धोखे में रखकर जमीन रजिस्ट्री कागजात तैयार कर बातों में उलझा कर बिना पढ़े विश्वास करने बोलकर हस्ताक्षर कराकर धोखाधड़ी करने एवं छलकपट पूर्वक बिक्री रकम प्रतिफल की राशि का फर्जी चेक देकर इनके साथ 81,71,000 रू का सौदा कर, सौदे राशि में 1,00,000 रू एवं 6,03,000 रू देकर कुल 74,68,000 रू का चेक देकर बहला फूसलाकर, दबाव पूर्वक लिखा पढ़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पीएम आवास नहीं बनाने पर मंजूरी होगी अस्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत आवासों का निर्माण हितग्राहियों द्वारा नहीं किए जाने पर इन स्वीकृत कार्यों के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक ने बताया कि बालोद जिले में ऐसे आवासों का चिन्हांकन भी कर लिया गया है।

- जिले में आवासों का चिन्हांकन हुआ

उन्होंने बताया कि चिन्हांकित हितग्राहियों की सूची जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में प्रकाशित कर इस संबंध में 15 अक्टूबर तक कार्यालयीन अवधि में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इन स्वीकृत कार्य को योजना की सूची से विलोपित करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस में चिन्हांकित लाभार्थियों का प्रवर्गवार एवं वित्तीय वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर लाभान्वित किया जा रहा है, लेकिन योजना के बर्हिवेशन मापदण्ड तथा जिला, जनपद, ग्राम पंचायत में प्राप्त शिकायतों के आधार पर अपात्र पाए गए हितग्राही, जिन्हें योजना के प्रावधान अनुसार लाभान्वित किया जाना संभव नहीं है।

ऐसे हितग्राहियों का चिन्हांकन ग्राम सभा द्वारा किया गया है। शासन के निर्देशानुसार इन अपात्र हितग्राहियों को योजना के स्थाई प्रतीक्षा सूची से विलोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर जनदर्शन में दूर दराज से पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष एवं डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रो ने कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में अर्जुंदा तहसील के ग्राम भिलाई निवासी कृष्णा राम साहू ने आबादी पट्टा का नवीनीकरण एवं कब्जा हटाने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोहंदीपाट पेमीन बाई ने विद्युत दुर्घटना में मुआवजा राशि दिलाने, बालोद विकासखण्ड के ग्राम झलमला निवासी अनिता ठाकुर ने राशन कार्ड बनाने, ग्राम खैरतराई निवासी चन्द्रप्रकाश ने प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किश्त की राशि प्रदान कराने, ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा निवासी विजय विश्वकर्मा ने अवैध जमीन पर अतिक्रमण हटाने, ग्राम टेकापार निवासी साहिल ने दिव्यांग प्रमाण ▶▶| शेष पेज 10 पर

- अधिकारियों ने कई मांगों के निराकरण के लिए भेजा संबंधित विभाग

# बोरी के सेमरिया नाला पर 3.10 करोड़ में बनेगा पुल, 20 से अधिक गांवों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बोरी स्थित सेमरिया नाला पर पुल बनाने की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। सेतु विभाग (ब्रिज कॉर्पोरेशन) ने इसकी पुष्टि कर दी है कि पुल निर्माण के लिए टेंडर खुल चुका है और उम्मीद है कि अक्टूबर या नवंबर माह के भीतर ही काम शुरू हो जाएगा। परियोजना की लागत 3.10 करोड़ बतायी गई है। पुल की लंबाई 75 मीटर, चौड़ाई 8.4 मीटर और ऊंचाई लगभग 8 मीटर है। वहीं पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड 100-100 मीटर की बनायी जाएगी।



### 20 से अधिक गांवों को लाभ

इस पुल के बन जाने से बोरी सहित 20 से अधिक गांवों, जिनमें हल्दी, बैलोदी, भेंगारी, चारवाही, पीपरछेड़ी, सोहतरा, भुसरेंगा, ढाबाडीह, पसौद, खपरी, परसाही, निपानी, सोहपुर आदि गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी बारिश के मौसम में नाले में बाढ़ आने से रास्ता बंद हो जाता है और गांव टापू बन जाते हैं, जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। नए पुल के बनने से ग्रामीण बारिश के सीजन में भी बालोद, लाटाबोड़ और गुंडरदेही मुख्यालय तक नियमित रूप से आना-जाना कर सकेंगे। सेतु निर्माण के लिए 2 साल पहले ही जमीन, मिट्टी की जांच और सर्वे का काम पूरा हो चुका है और ड्राइंग भी तैयार है। टेंडर लेने वाली एजेंसी ने नाला का निरीक्षण भी कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### बिजली उपकेन्द्र में लगाया गया 5.0 एमवीए पॉवर का ट्रांसफार्मर



**बालोद**। विद्युत वितरण केन्द्र करहीभदर के अंतर्गत उपकेन्द्र बेलोदा में 3.15 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर को 5.0 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर से बदल कर उपकेंद्र का क्षमता आवर्धन किया गया। कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी बालोद एसके बंड ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र बेलोदा के क्षमता आवर्धन होने से उपकेन्द्र के अंतर्गत बेलोदा सहित मंगलतराई, हर्राठेमा, गोड़पाल, सिंघोला, मुल्लेगुड़ा मुल्ले, मड़वा पथरा, मालगांव, आमाबाहरा, परकालकसा, कंजेली, परसबिहरी, खुर्सीटीकुर एवं गोटूलमुड़ा के लगभग 3600 ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज से मुक्ति मिलकर बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस दौरान कार्यपालन अभियंता प्रोजेक्ट दुर्ग डीके भारती, सहायक अभियंता एके विश्वकर्मा एवं डीके साहू, एचके हिरवानी, एचके करभाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण

# गुंडरदेही में बनेगा फ्लाई ओवर उप मुख्यमंत्री साव करेंगे भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुंडरदेही

नगर पंचायतको जल्द ही 54 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक अत्याधुनिक फ्लाई ओवर ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। यह परियोजना नगर के यातायात को सुगम बनाने और विकास को नई गति देने का काम करेगी।

मंगलवार को इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पार्षद, सेतु विभाग, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल थे। प्रस्तावित फ्लाई ओवर शनि मंदिर के पास ज्योति कलश से शुरू होगा और मार्केट, पानी टंकी, पौनी पसारी दुकान होते हुए रेलवे क्रॉसिंग को पार कर चौनगंज के तालाब के पास पीडब्ल्यूडी ऑफिस तक बनेगा। यह फ्लाई ओवर मुख्य बाजार और रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में लगने वाले गंभीर जाम से निजात दिलाएगा। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी फ्लाई ओवर का भूमि पूजन दिसंबर माह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। अध्यक्ष जैन ने इस फ्लाई ओवर को गुंडरदेही के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह नगर की व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और नागरिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।



**निर्माण के लिए जगह खाली करने के निर्देश**

फ्लाई ओवर निर्माण से प्रभावित होने वाले गुमटी धारक, दुकानदार और अन्य लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने संबंधितों से तत्काल अपनी जगह खाली करने का आग्रह किया है, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113




CAMPUSE VIEW

## खबर संक्षेप

### जिलेवासियों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**बालोद।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 126वां एपिसोड का प्रसारण हुआ, जहां बालोद जिला ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं वरिष्ठ नेताओं ने इस उपलब्धि का श्रेय मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया, जिन्होंने समर्पण और संगठनात्मक शक्ति के साथ कार्य किया। प्रदेश में विधानसभा स्तर पर मन की बात में सहभागिता रही, जिसमें प्रथम स्थान गुंडरदेही, द्वितीय स्थान संजारी बालोद, छठवां स्थान डौंडीलोहारा रहा। मन की बात के जिला संयोजक शरद ठाकुर व सह संयोजक राजीव रिंकू शर्मा ने कहा यह सफलता कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों की मेहनत का परिणाम है। आगामी सभी कार्यक्रमों में भी इसी ऊर्जा और निष्ठा से सहभागिता निभाकर बालोद जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखें।

### शहर में दशहरे की तैयारी



**दल्लीराजहरा।** विजयादशमी पर्व पर शहर में रावण दहन की तैयारियां जोरों पर हैं। परंपरा और उत्साह का संगम इस बार भी देखने को मिलेगा। दल्लीराजहरा शहर के जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल ग्राउंड स्टेडियम में भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। हर साल की तरह इस वर्ष भी दहन समारोह में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन आतिशबाज़ी और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच किया जाएगा। आयोजन समिति ने सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाज़ी की विशेष तैयारियां की हैं। शाम ढलते ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाज़ियों से जगमगाएगा और मैदान में उमड़ी भारी भीड़ /"रावण दहन/" के इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी।

### कब्जों से जुड़े कम्प्लेन के लिए खुला शिकायत केंद्र

**भिलाई।** बीएसपी प्रबंधन द्वारा संयंत्र की संपत्ति, आवासों एवं भूमि पर होने वाले कब्जों को रोकने के लिए नगर सेवाएँ विभाग कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में एक शिकायत कक्ष की स्थापना की गई है। यहां कोई भी व्यक्ति अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। बीएसपी प्रबंधन ने नागरिकों और कर्मचारियों से अपील की है कि यदि उन्हें की भूमि या आवासों पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की जानकारी हो, तो वे शिकायत कक्ष में उपस्थित होकर जानकारी प्रदान करें।

## पेज 9 के शेष

### निर्माण भूमि को ...

कर जमीन का रजिस्ट्री करा लिये है। परस राम साहू, अश्वनी डडसेना और उसके अन्य साथियों के द्वारा दिये चेक को दिनांक 13.08.2025 को बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हो गया है। जमीन सौदे में से शेष राशि 74,68,000 रू की मांग करने पर आरोपियों द्वारा नही दूंगा कहकर इनके साथ धोखाधड़ी किया है। इसकी रिपोर्ट पर धारा– 318(4), 3(5), 61(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विशेष टीम तैयार कर आरोपी अश्वनी कुमार डडसेना पिता गंभीर राम डडसेना उम्र 59 वर्ष पता ग्राम अंगारी थाना व जिला बालोद को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### कलेक्टर जनदर्शन ...

पत्र में त्रुटिसुधार कराने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम तार्री निवासी दीनूराम निषाद ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम धनगांव निवासी द्रोपदी बाई ने भूमि का पट्टा दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुंचे थे।







### दशहरा की तैयारी, मैदान में साफ-सफाई शुरू

**बालोद।** शहर में दशहरे को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है, जिसके तहत शहर के वर्षों पुराने रावण दहन स्थल में बांस बल्लियों के साथ रावण पुतला खड़ा करने के लिए ढांचा तैयार किया जा रहा है। 2 अक्टूबर को शहर में रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए मैदान में साफ-सफाई के साथ अन्य तैयारियां की जा रही है। रावण दहन देखने आने वाले लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेट लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है, जहां रावण दहन के समय पुतले में आग लगने से कोई प्रभावित न हो इसका ध्यान रखते हुए बांस बल्लियां लगाई जा रही है। वहीं पुतले का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है, जिसके तहत पुराने नगर पालिका कार्यालय में रावण के पुतले का निर्माण कार्य जारी है। शहर में दशहरे के अवसर पर रावण दहन के समय अखाड़ों द्वारा कई करतब पेश किये जाते हैं जिसकी तैयारियां अखाड़ों द्वारा की जा रही है।

कार्यक्रम

# सेवा पखवाड़ा में भाजपा ने किया नि:शक्तजनों का सम्मान

**जिलेभर से आए नि:शक्तजनों को शॉल व श्रीफल भेंट किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बालोद जिला भाजपा कार्यालय में दिव्यांगजनों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए दिव्यांगजनों का शॉल व श्रीफल से सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला महामंत्री किशोरी साहू एवं जिला मंत्री सोमेश सोरी थे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा ईश्वर की सृष्टि में कोई भी व्यक्ति विकलांग नहीं, दिव्यांग होता है। उन्हें देखकर हंसना नहीं, उन्हें पूजा और अभिनंदन के योग्य समझना चाहिए। उन्होंने सुनील कुमार के शब्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तियों के प्रति दृष्टिकोण बदलना होगा। दिव्यांगजन भी समाज की मुख्यधारा में आ सकें, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष





पोर्टल का शुभारंभ किया है, जिसके माध्यम से वे पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के माध्यम से उन्हें शिक्षा और प्रशिक्षण का भी अवसर प्रदान किया गया है। पवन साहू ने कहा एक समावेशी और टिकाऊ समाज की परिकल्पना तभी साकार होगी जब दिव्यांगजनों को नेतृत्व और समान अवसर मिलें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी, पहुंच योग्य बुनियादी ढांचे की अनुपलब्धता, और सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने सामाजिक सोच पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगजन दया के पात्र नहीं बल्कि समाज के सम्मानित और आत्मनिर्भर सदस्य हैं। उन्हें उचित अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना आवश्यक है, जिससे भ्रांतियां दूर की जा सकें। महामंत्री राकेश छोटू यादव ने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि 2011 जनगणना के अनुसार भारत की लगभग 2.1 प्रतिशत दिव्यांग है, विश्व में 1 अरब दिव्यांग है, मीडिया व शिक्षा तंत्र को उनकी सकारात्मक छवि गढ़ने में भूमिका निभानी चाहिए।

सम्मान समारोह में यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, मंत्री सोमेश सोरी, पुष्पेंद्र चंद्राकर प्रेम साहू, सुरेंद्र देशमुख, निशा योगी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, मुकेश कौडो, विनोद जैन, कमल पनपालिया, अरुण साहू सहित मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्यपरिषद गठन से छात्रों में होगा नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल का विकास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शहीद कौशल यादव महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा कार्यपरिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर एक विभागीय व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विभागीय गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यपरिषद गठन से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल का विकास होगा। मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जीएन.खरे, बालोद उपस्थित थे। उन्होंने पर्यावरण एवं संपोषित विकास विषय पर विद्यार्थियों को उद्बोधित किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने की तथा भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. तृप्ति राजपूत ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भूगोल विभाग के नवगठित कार्यपरिषद की घोषणा की गई, जिसके पदाधिकारियों में अध्यक्ष एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल कुसुमलता ठाकुर, उपाध्यक्ष एमए प्रथम सेमेस्टर भूगोल नूतन साहू, सचिव एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल ललिमा साहू, सह सचिव एमए प्रथम सेमेस्टर भूगोल तिलक राम बनाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा नवगठित कार्यपरिषद को शपथ दिलाई गई।

# जिले में विजन प्लान 2030 बनाने की प्रक्रिया शुरू





**बालोद।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के सभी चयनित 186 गांवों में विलेज वर्कशाप का आयोजन संपन्न होने के पश्चात आज 30 सितंबर को जिले के विभिन्न गांवों में विजन प्लान 2030 बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम भेड़िया नवागांव, डेंगरापार, खैरवाही आदि ग्रामों में स्थानीय जनप्रतिनिधि संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों एवं वांलिटियरों की उपस्थिति में विजन प्लान 2030 बनाने की कार्रवाई शुरू की गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इन गांवों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने तथा गांवों में सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में चर्चा की गई। इसके अंतर्गत इन गांवों में तहसील मुख्यालय तक आवागमन की सुविधा, गांव के सीमा पर देव एवं पूजा स्थल, गांव के भूमिहीन परिवार की संख्या, शारीरिक रूप से नि:शक्त सदस्यों की जानकारी भी संकलित किया गया।

इसके अलावा सरकारी योजनाओं से जुड़े परिवारों के विवरण के अंतर्गत आवास योजना से लाभान्वित परिवारों की संख्या, वनाधिकार पत्रधारी परिवारों की संख्या, बीपीएल राशन कार्ड धारियों की संख्या के अलावा मनरेगा तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े परिवारों की संख्या को भी सूचीबद्ध किया गया। इसके अलावा आजीविकामूलक गतिविधियों के अंतर्गत पशुपालन, व्यापार एवं उद्यम के कार्य, गांव में संचार कनेक्टीविटी की सुविधा तथा गांव में स्वच्छता एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता, बेहतर विद्युत व्यवस्था तथा फसलों के उत्पादन की भी जानकारी सूचीबद्ध किया गया।





# भंडारों में अब मिट्टी के बर्तन और दोना-पत्तल का प्रयोग

**दल्लीराजहरा।** नवरात्रि के अष्टमी-नवमी पर शहर में मां दुर्गा के भंडारों में पर्यावरण बचाने की मिसाल देखने को मिली। इस बार 85 फीसदी भंडारों में मिट्टी के बर्तन और दोना-पत्तल का प्रयोग किया गया। शहर की 20 से अधिक समितियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर भंडारा आयोजन किया है। इन समितियों ने संकल्प लिया कि भंडारे में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, ताकि न तो पर्यावरण दूषित हो और न ही गायों को नुकसान पहुंचे।

थोक व्यापारी आकाश, सौरभ कुमार ने बताया कि एक समिति औसतन 2 हजार दोना-पत्तल खरीद रही है। इस बार क्षेत्र में ही लगभग 25 हजार दोना-पत्तल बिक चुके हैं, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। इनकी आपूर्ति ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से हो रही है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जगभाटा धार्मिक स्थल में की गई सफाई



**बालोद/सिकोसा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम ओटेबद के धार्मिक स्थल जगभाटा में सफाई किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रदेश पंचायत सलाहकार अभिलाषा आंनद थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने किया। राज्य स्वच्छता उमेश राठौर, जिला सलाहकार प्रवीण ठाकुर, जिला समन्वय वीरेंद्र कुमार, संकुल समन्वय राधेश्याम यादव, सचिव ओटेबद दीनबंधु देशमुख, मालती साहू, महिला संगीता देवांगन, धनेश्वरी साहू, कविता निषाद पंच गण जनपद अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# नेवारीकला में भागवत कथा का समापन आज







**बालोद।** क्वांर नवरात्रि के अवसर पर ग्राम नेवारीकला में चल रहे श्रीमद् भावगत कथा में 1 अक्टूबर को गीता, तुलसी वर्षा, ग्राम भ्रमण के बाद कथा का समापन होगा। पं. खुमेश प्रसाद शर्मा ने कथा के अंतिम दिवस राजा परीक्षित के कथा के माध्यम से भक्तों को भागवत कथा का सार व महत्व समझाया। पं. खुमेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि राजा परीक्षित को ऋषि शृंगी के श्राप से सातवें दिन तक्षक नाग द्वारा डस लिया जाता है। अपनी मृत्यु से पहले, उन्हें शुकदेव मुनि द्वारा सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाती है, जिससे वे मोक्ष प्राप्त करते हैं। कलयुग की शुरुआत भी परीक्षित के समय में होती है, जब वे गाय और धर्म (कलियुग) को पीटते हुए एक शूद्र को देखते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा सुनने के बाद जीव को जीवन के प्रति मोह खत्म हो जाता है और वह इस कटु सत्य को स्वीकार कर लेता है कि सबको एक दिन जाना है, इस दुनिया में कोई भी हमेशा के लिए नहीं आया है। भागवत कथा को सुनने से पहले राजा परीक्षीत को अपना जीवन इतना प्रिय था, लेकिन राजा परीक्षित ने जब श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया तो वे समझ गए कि उनके हाथ मे कुछ नहीं है, लाना और ले जाना सब ऊपर वाले के हाथ में है।

**हरिद्वार शांतिकुंज से लाए गए प्रचंड शक्ति कलश का जिलेभर में भ्रमण**

# बालोद में 8 से 11 दिसंबर तक 108 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद में 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक विशाल 108 कुण्डीय यज्ञ आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ युग निर्माण के जनक स्व,आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा और माता अन्नपूर्णा के साधक स्व, भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में ही सभी यज्ञीय कार्य सफल होते है। इसके लिए हरिद्वार शांतिकुंज से प्रचंड शक्ति कलश को लाने 68 परिजन हरिद्वार शांतिकुंज गए थे। अब उस दिव्य शक्ती कलश को पूरे बालोद जिले के सभी विकास खंडों में भ्रमण कर पूजा अर्चना कर आम जनता को आमंत्रित किया जा रहा है।

प्रथम दिवस में शिकारी पारा कुंदरु पारा, आम बगीचा, सिंचाई कालोनी, पी डब्ल्यू डी कालोनी, पुलिस लाइन जूर्री पारा, आम पारा के बाद दूसरे दिन गंज पारा, तांदुला नगर,





जवाहर पारा, टिकरा पारा में शिव चबूतरा के पास वार्ड पार्षद प्रीतम यादव तथा शिव भक्त महिला मंडल, श्याम कली तिवारी ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, लोगो को प्रसाद वितरण के साथ शिक्षाप्रद किताब वितरण किया जा रहा है। उसके बाद दिव्य शक्ती कलश का पांडे पारा में गायत्री परिवार पुष्पा, आरपी यादव, दिलेश्वरी साहू, राधिका सुखीत सहित कई लोगों द्वारा पूजा अर्चन किया गया। फिर नयापारा में वृंदा खेमलाल सहित कई लोगों द्वारा पूजा अर्चन किया गया, रेलवे कालोनि शंकर नगर बूढ़ा पारा भ्रमण किया।

ब्लाक के 96 गांवों में दिनांक 3 अक्टूबर से 16 अक्टुबर तक दिव्य कलश भ्रमण कर यज्ञीय संदेश देंगे, फिर दिव्य शक्ती के सांथ कलश दल्ली, लोहारा, डौडी, गुरूर, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा में भी प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रचार प्रसार की कड़ी में 1000 से अधिक घरों में आमंत्रण और 500 घरों में अन्न घट वितरण किया जा चुका है।

बुधवार को गायत्री मंदिर में 9:30 बजे से हवन और भोजन परसादी वितरण होगा जिसमें भाग लेने निवेदन किया गया है। गायत्री परिवार प्रत्येक परिवार से निवेदन कर रहे की 108 कुंडी यज्ञ भव्य रूप से सम्पन्न हो इसलिए हर घर से हवन करने जरूर आये।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए सात नए उपभोक्ता फोरम स्थापित



**दल्लीराजहरा।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में सात नए बिजली उपभोक्ता फोरम स्थापित किए जा रहे हैं। दल्लीराजहरा विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर ने इसकी जानकारी दी।प्रदेश में इस समय 65 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं, जिनकी शिकायतें बिजली गुल होने, गलत बिलिंग, लो वोल्टेज और नए कनेक्शन जैसी समस्याओं को लेकर आती रहती हैं। पहले पूरे प्रदेश में केवल रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर जिलों में ही उपभोक्ता फोरम कार्यरत थे, जिसके कारण उपभोक्ताओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। सात नए फोरम स्थापित होने के बाद अब प्रदेश के कुल 10 जिलों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और उनकी समस्याओं का निराकरण तेजी से हो सकेगा। उपभोक्ता फोरम के साथ-साथ, शिकायतों पर अपील की सुविधा के लिए नए लोकपाल की भी नियुक्ति कर दी गई है। यह कदम उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है। इस विस्तार से अब वे उपभोक्ता, जिनकी शिकायतें पावर कंपनी के दफ्तरों से हल नहीं हो पाती थीं, उन्हें फोरम का सहारा लेने में काफी आसानी होगी।

## खबर संक्षेप

### जय बजरंगबली मंदिर में 371 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**बालोद।** ग्राम कमरौद में जय बजरंगबली मंदिर 371 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। यहां पंचमी 27 सितम्बर को और महाष्टमी 30 सितंबर को मनाई गई। देवी विसर्जन 2 अक्टूबर को सुबह 9 बजे ज्योति कलश एवं जंवारा विसर्जन होगा।

### फुलकुंवर बाई को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कसहीकला की फुलकुंवर बाई को प्राथमिकता क्रम में योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025 में आवास प्लस सर्वे 2.0 द्वारा छुटे हुए पात्र परिवारों का नाम जोड़ने का कार्य आवास प्लस ऐप द्वारा किया गया है। जिसमें फुलकुंवर बाई पति गैंदलाल का नाम सूची में जोड़ने की कार्यवाही हो चुकी है एवं भविष्य में शासन के निर्देशानुसार नियमानुसार प्राथमिकता क्रम में योजना का लाभ फुलकुंवर बाई को दिया जाएगा।

### जिपं में सामान्य सभा की बैठक 6 को

**बालोद।** जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### आज मनाया जायेगा वृद्धजन दिवस

**बालोद।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन समाज कल्याण विभाग परिसर सिवनी में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि इस अवसर पर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा। जिससे वरिष्ठ नागरिकों द्वारा 5 लाख तक मुफ्त में इलाज कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए जाने हेतु वृद्धजनों को आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आवश्यकतानुसार वरिष्ठजनों को श्रवणयंत्र एवं छड़ी प्रदान भी की जाएगी।

## निधन

### निलांबर साहू



**गुरूर।** ग्राम दुपचेरा के ग्राम पटेल निलांबर साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम दुपचेरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विश्वनाथ व वासुदेव साहू के भाई एवं महेश्वर व केसरी साहू के पिता थे।

---

**आयोजन**

# सेवा पखवाड़ा में अंचल के 30 युवाओं ने किया रक्तदान

### 150 व्यक्तियों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत मंडल स्तरीय रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर पंचायत पलारी के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मे संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे रक्तदान शिविर के जिला के प्रभारी सभापति जनपद पंचायत गुरुर मंडल के प्रभारी मुकेश कुमार सोनबेर, पूरब देवांगन एकनाथ साहू और मितेश साहू थे।

■ डॉ. रोहित साहू व डॉ. हरिकृष्ण गंजीर के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

स्वास्थ्य शिविर के जिला के प्रभारी डॉ रोहित साहू, मंडल के प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर, डॉ देवा सार्वा, डॉ शिवनारायण नेले एवं मंडल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे कुल 30 युवा रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, 132 प्रबुद्धजनो का स्वास्थ परिक्षण व 150 व्यक्तियों ने इलाज करवाए। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रीतम साहू, अति विशेष अतिथि समाज सेवी राकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवांगन, सदस्य जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अतिथियों द्वारा भारत माता के तेल चित्रें पर माला अर्पण कर सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने कहा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा कार्य के अंतर्गत रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। गुरुर ब्लॉक भी रक्तदान देने के लिए पहला स्थान बताया गया। उन्होने कहा आगामी नगर पंचायत पलारी का चुनाव है सभी पलारी का विकास आपके हाथ में है।

राकेश यादव ने कहा यहां के समस्त वरिष्ठजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप नगर मे भाजपा की सरकार बनाए, आपके नगर पंचायत पलारी में विकास की गंगा बहेगी, इस अवसर पर ढंगु हिरवानी, ललित गजेंद्र (मंडल महामंत्री), घनेंद्र साहू मंडल कोषा अध्यक्ष , मंडल अध्यक्ष मिर्रीटोला टुकेश्वर पांडे, सभापति जनपद पंचायत गुरुर संध्या अजेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश साहू सदस्य जनपद पंचायत गुरुर गुलाब सिंहा, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर झालेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष साहू, मंडल मंत्री मनीष साहू, जि.कार्य. सदस्य संतोष गंगबेर, गज्जू महमल्ला, सोसाइटी अध्यक्ष नंद कुमार साहू, लखन गुरुपंच, आशाराम साहू, प्रेमलाल साहू, गजेंद्र साहू, मुकेश, भोज देवांगन, अजेन्द्र साहु, कौशल सिन्हा, प्रहलाद साहू तखत राम, छगन लाल, रूप राम, पवन मारकंडे, संतोष कुर्रे, कोमल दास, योगेश्वर, रविकांत, गजेंद्र सोनबोई, कैलाश साहू, हुकुम सिंह, नरोत्तम, हुमेश, हिमांशु, योगेंद्र, नविन, नारद साहू, ज्ञान प्रकाश, रोहित कुमार, पुनेश्वर साहू , खिलेश्वर, नूरेंद्र चांडक कार्यकर्तागण उपस्थित थे। । मंच संचालन हरिकृष्ण गंजीर एवं ढंगू हिरवानी ने किया, आभार धनेंद्र साहू ने किया।

# भालुकोन्हा में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम भालुकोन्हा में मंगलवार को दशहरा पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जय बजरंग अखाड़ा दल जुंगेरा के प्रदर्शन सहित गांव में विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। गांव के युवा साथी जनक ठाकुर ने बताया कि भालुकोन्हा में दशहरा पर्व राज दशहरा से पहले मनाए जाने की परंपरा है। स्थानीय मान्यता और ग्राम देवी-देवताओं के आदेश के अनुसार यह पर्व हर वर्ष नवरात्रि के दौरान ही संपन्न किया जाता है। उल्लेखनीय है कि यह गांव रजवाड़ा प्रथा से जुड़ा न होकर मालगुजार गांव रहा है। जहां पूर्वजों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन आज भी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाता है। दशहरा आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के युवाओं और ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गुमान सिंह, सियाराम, रामदेव, अंकालु निषाद, सरेस, ताराचंद, जनक ठाकुर, मनीष, योगेश, पवन, दीपक दुग्गा, टेकराम, दादू, विजय सहित अनेक ग्रामीणों ने अथक परिश्रम कर आयोजन को भव्य और सफल बनाया व ग्रामीणों के उत्साह और सहयोग से संपन्न हुआ। यह पर्व एक बार फिर परंपरा और आस्था का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

■ आसपास के ग्रामों से उमड़े श्रद्धालु और ग्रामीण

# गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में नारी सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला



**गुरूर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 और अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक मंडल स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन गायत्री प्रज्ञा पीठ, मोहारा के कलामंच प्रांगण में किया गया। यह कार्यक्रम प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यशाला में जिला प्रभारी तुलसी साहू, रेणुका गंजीर, और स्लेखा साहू ने नारी शक्ति की समाज में भूमिका पर विशेष मार्गदर्शन दिया। जिसमें नारी शक्तियों का आवाहन और समाज में उनकी भूमिका, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, गर्भ का ज्ञान विज्ञान शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन रुखमती गंजीर ने किया। पूर्णिमा साहू, मिलापा साहू, और गायत्री निषाद ने नारी जागरण पर संगीतमय गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गुरुर की संयोजिका अनुसूईया साहू, गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा की संयोजिका राजकुमारी गंजीर और हीरक मंडल मोहारा की संयोजिका रुखमती गंजीर सहित गायत्री परिवार के सदस्य, ग्रामीण और विभिन्न गांवों से आई महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। गायत्री प्रज्ञा पीठ के संयोजक भूषण लाल साहू ने आभार व्यक्त किया।

# अष्टमी पर मां दुर्गा को अर्पित की गई श्रृंगार सामग्री

**दल्लीराजहरा।** शारदीय नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर नगर में मां दुर्गा की भव्य पूजा-अर्चना प्राचीन परंपराओं से संपन्न हुई। सुबह से ही शहर के मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने मां दुर्गा के समक्ष पुष्प, धूप, दीप, नारियल, चुनरी और श्रृंगार सामग्री अर्पित कर आराधना की।

आरती और मंत्रोच्चार के साथ जब देवी स्तुति गूंजने लगी, तो संपूर्ण नगर भक्ति रस में सराबोर हो गया। अष्टमी के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए भक्तों ने नौ कन्याओं और एक बटुक का पूजन किया, उन्हें देवी का स्वरूप मानकर भोजन और भेंट अर्पित की। इसके उपरांत महाप्रसाद वितरण का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास का नज़ारा देखने को मिला। गली-गली और चौक-चौराहों पर देवी गीत, भजन और डीजे की गूंज सुनाई देती रही। सजावट और रोशनी से सजे पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। माता की झांकी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को और अधिक भव्य बना दिया।





# पीएम श्री स्कूल ने में मना स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री प्राथमिक शाला संबलपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को छात्रों को समझाया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ, शाला परिसर की साफ-सफाई, हाथ धुलाई, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और स्वच्छता सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिवस, ग्रीन स्कूल ड्राइव दिवस, सामुदायिक पहुंच दिवस, स्वच्छता प्रतियोगिता दिवस, स्वच्छता कार्ययोजना दिवस और पुरस्कार वितरण दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों से छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी, शाला परिसर की साफ-सफाई में सुधार हुआ, जल संरक्षण और स्वच्छता सुविधाओं के महत्व को समझा गया तथा समुदाय में भी स्वच्छता के प्रति संदेश पहुंचा। आयोजन में संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगाराम निषाद, तोमन लाटिया, पूर्णिमा साहू, मनीषा ठाकुर, रामायण पटेल, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर और राबिन नागवंशी उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़ा का यह आयोजन स्वच्छता के महत्व को समझाने और छात्रों व समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।






# सहकारी समिति की बैठक में बजट अनुमोदन और आय-व्यय की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

वृत्तहाकार सहकारी समिति मर्यादित अंडा वार्षिक आमसभा बैठक समिति परिसर में हुई। अध्यक्षता समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष पुकेश चन्द्राकर ने की। बुजुर्ग किसानों को श्रीफल से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने किसानों को जैविक खेती, गन्ना उत्पादन, तरल डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी।

समिति के सहायक प्रबंधक पिंकी यादव ने वित्तीय वर्ष अंडा सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा में उपस्थित किसान। 2025-26 के बजट अनुमोदन से संबंधित जानकारी दी। वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें आय व्यय की जानकारी बताया गया। समिति परिसर में सभी किसानों ने मिल कर छायादार पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पुकेश कुमार चंद्राकर, निकुम समिति के अध्यक्ष भैयालाल साहू , पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र दिल्लीवार, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण चंद्राकर, यशवंत चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य मनीष चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर सेन, पर्यवेक्षक अमीत विश्वकर्मा, तिलक चंद्राकर, यशवंत बंजारे, गोपाल साहू, मुकेश चंद्राकर ,जयराम चन्द्राकर और समिति प्रबंधक पिंकी यादव, उपेंद्र देशमुख, अन्ना दिल्लीवार, गुलशन, संदीप सेन, गब्बर, रामसाय और हमारे समिति के चार गांव अंडा, चिंगरी, जंजगिरी, विनायकपुर ये सभी गांव के नागरिक और किसान गण उपस्थिति में हुआ।

### 'सेवा पखवाड़ा' पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**गुरूर।** सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी पुरूर ने स्वास्थ केन्द्र पुरूर स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, जनपद अध्यक्ष सुनिता संजय साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, बीएमओ सुनिल भारती, आरएमए कमल किशोर सिन्हा, राजेन्द्र साहू, संजय साहू, शैलेन्द्र सोरी, कमलदेव साहू, प्रमोद सिन्हा, तेजराम साहू, आरएचओ गिरवर बंजारे, सुपरवाईजर एके काहिरा उपस्थित थे।

### मिर्रीटोला पुरूर सहकारी समिति में हुआ आमसभा



**गुरूर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मिर्रीटोला पुरूर मे आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्राधिकृत अधिकारी द्वारिका सिन्हा, कुंवर सिंह नागवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, मेनसिंग, रामस्वरूप, रामचंद साहू, सुरेन्द्र साहू, हेमप्रकाश, गोकुल ठाकुर, संजय साहू, प्रबंधक सार्वा एवं समस्त किसानगण उपस्थित थे।

# साहू समाज के फंड में हेराफेरी कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक का ग्रामीण माखन लाल साहू ने साहू समाज के मौजूदा पदाधिकारियों पर समाज के फंड में गड़बड़ी और मनमानी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है। शिकायतकर्ता माखन लाल साहू ने कलेक्टर को बताया कि ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष पोषण लाल साहू, कोषाध्यक्ष यादवराम और सचिव कृष्णा साहू के पास समाज का करीब 10 लाख रुपये जमा है।

सामाजिक बैठक में यह तय किया गया था कि प्रति व्यक्ति को 20 हजार रुपये वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए 12 लोगों की सूची बनाई गई थी, जिसमें उनका नाम भी शामिल था। माखन लाल साहू का आरोप है कि जब उन्होंने अपने हिस्से के पैसे मांगे, तो पदाधिकारियों ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में उन्हें यह कहते हुए पैसा देने से मना कर दिया गया कि उन्होंने दिलेश्वर साहू के पक्ष में थाने में गवाही के हस्ताक्षर किए हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

तहसील साहू समाज से चुनाव का पत्र आने के बाद जब सामाजिक बैठक रखी गई, तो पदाधिकारियों ने पत्र को पढ़ने के बाद यह कहकर समाज के लोगों को गुमराह किया कि इस पत्र में दिलेश्वर साहू का हाथ है और समाज का कोई पदाधिकारी नहीं बनेगा। शिकायत में कहा गया है कि इन पदाधिकारियों ने समाज को उलझाने के लिए थाने में झूठी रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। माखन लाल साहू ने कलेक्टर से अपील की है कि अध्यक्ष पोषण लाल साहू, कोषाध्यक्ष यादवराम और सचिव कृष्णा साहू के खिलाफ जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें और समाज के अन्य सदस्यों को न्याय मिल सके।

# जगराता में रजोली को विकास कार्यों की मिली सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपु।

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत रजोली में नवरात्रि पर गाड़ा गाड़ा जोहार फेम हिरेश सिन्हा के जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विकास कार्यों की घोषणा कर 34 लाख रुपये की राशि देने का ऐलान किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत मद से निर्मित 10 लाख रुपये के टीना शेड और विधायक निधि से बने 6 लाख रुपये के कला मंच का लोकार्पण किया गया। अतिथियों ने 6 प्रमुख कार्यों के लिए कुल 34 लाख रुपये की घोषणाएं की, जिसमें विधायक कुंवर सिंह निषाद ने तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने सीसी रोड निर्माण के 10 लाख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विकास कार्य 10 लाख, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरीने कुर्सी व्यवस्था के 1 लाख, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर ने विकास कार्य 1 लाख, जनपद सदस्य कौशल साहू ने झूला स्विंग के लिए 2 लाख रुपए शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य ग्रामीण अंचल के चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के तहत हुए कार्यों का उल्लेख किया, जिनमें 18 लाख आवासों की स्वीकृति।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मंगचुवा में दशहरा पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



**डौंडी लोहारा।** नव दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक मंगचुवा एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में दशहरा पर्व बड़े ही धूमधाम और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 02 अक्टूबर, दिन गुरुवार को रात्रिकालीन 8 बजे से रामलीला मंचन के अंतर्गत भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें असत्य पर सत्य की विजय की परंपरा का मंचन होगा। इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गंगा सागर नाचा पार्टी कंकालिन, जिला बालोद की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। समिति ने बताया कि इस अवसर पर गांव के लोग एक साथ मिलकर उत्सव का आनंद लेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से परंपरा व लोकसंस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर में झग्गर सिंह बने नवनिर्वाचित अध्यक्ष

**बालोद/कलंगपुर।** परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर के



पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष झग्गर सिंह से भेंट की। बचपन से ही समाज और राजनीती सेवा के प्रति अपने आप को समर्पित कर दिए है, उनके पिता पदुम लाल साहू भी परिक्षेत्र साहू समाज माहुद बी के अध्यक्ष के साथ साथ एक बार सरपंच और दो बार उपसरपंच भी रह चुके थे। इसके पूर्व में झग्गर सिंह परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे, जिसमे अनुभव लेकर उन्होंने परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जिसमे उन्होंने बहुमत के साथ विजयी होकर सामाज में उच्च पद हासिल किये। वर्तमान में परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर में 16 गाँव सम्मिलित है जिससे मिलकर परिक्षेत्रीय साहू समाज का निर्माण हुआ है। सामाजिक व्यक्तियों में पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष बल्दू राम साहू, कुशल साहू, कुलेश्वर साहू, सचिव गोपीराम साहू, भोथीपार ग्रामीण अध्यक्ष नेतराम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू, मिडिया प्रभारी हिमेंद्र साहू ने हर्श व्यक्त की है।

### चिंगरी में दो दिवसीय राम लीला आज से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में श्री राम नात्य कला मंच के तत्वावधान में दो दिवसीय राम लीला आज आतिसबाजी होगा। राम लीला समिति के सदस्य विजय साहू, चन्द्रहास साहू ने बताया कि रात्रिकालीन 9:00 बजे भव्य आतीसबाजी किया जायेगा। तत्पश्चात रात्रिकालीन 10:00 बजे बिरेतरा भाठागांव वालों का नाच पार्टी रखा गया हैं, आस पास के ग्रामीण जनो से अपील हैं कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम का आनंद लेवें।

## सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में ग्रामवासियों ने लिया हिस्सा

# भक्ति की शक्ति में डूबा भानपुरी महाअष्टमी पर हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम भानपुरी मे शारदीय नवरात्रि कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

जिसमे मूर्तिस्थापना एवं दीपप्रज्वलन के अवसर पर ग्राम पटेल भानपुरी मोजी राम श्रवण, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भानपुरी जालम सिंह साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी, अध्यक्ष सरपंच संघ गुरूर डाकेश साहू, सचिव ग्राम विकास समिति भानपुरी जीवन लाल साहू, कोशाध्यक्ष ग्राम विकास समिति भानपुरी मोहन लाल साहू, ललित महंत, जनक लाल साहू, अध्यक्ष ग्राम झरिया साहू समाज भानपुरी कंवल सिंह श्रवण, सहसचिव ग्राम विकास समिति भानपुरी रेवा राम यादव, बैगा भानपुरी किशोरी लाल मंडावी, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुर्रा पुनाराम साहू, भीशम साहू, राधेराम सेन, सुभाश मंडावी, हरीराम कामेन्द्र, देवसिंह विश्वकर्मा उपस्थित थे।

स्थापना उपरांत आयोजित कार्यक्रमों मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू ने किया। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर दिने"वरी फागुराम सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर मीना फत्ते लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी अध्यक्ष सरपंच संघ गुरूर डाकेश साहू, ग्राम पटेल भानपुरी मोजी राम श्रवण, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भानपुरी जालम सिंह साहू, सचिव ग्राम विकास समिति भानपुरी जीवन लाल साहू उपस्थित थे।



### शीतला प्रांगण में हवन और पूजा-अर्चना सम्पन्न

**गुरूर।** मंगलवार को ग्राम मोखा के शीतला प्रांगण मे हवन व पूजा अर्चना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे महिला समूह का सहयोग प्राप्त हुआ। हवन पूजन मे दसरथ केशरी, ग्रामीण कोषाध्यक्ष उदयराम ठाकुर, कांशीराम कलिहारी के द्वारा किया गया! इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सहसचिव विमल सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष फागूराम नेवेन्द्र, सरपंच अश्वनी युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, नवयुवक मंडल मोखा अध्यक्ष टीकम सिन्हा, उपाध्यक्ष घनाराम यादव, कमलेश गंजीर, पुष्पेंद्र कटेंद्र, फनीष लावत्रे, महेश यादव, ग्रामीण बैगा कोमलदेव ग्राम की माताए और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



### महिला ग्रुप ने आयोजित किया गरबा कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** इस वर्ष भी महिला गरबा ग्रुप द्वारा नगर में तीन दिवसीय गरबा नाइट का आयोजन किया गया। आयोजन में बच्चों गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। स्थानीय गरबा ग्रुप द्वारा इस वर्ष यह आयोजन तीन दिवसीय सम्पन्न किया गया। स्थानीय गरबा ग्रुप द्वारा नवरात्रि आयोजन के अंतिम दिन पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। नवरात्रि पर आयोजित इस आयोजन में गरबा ग्रुप में मुख्य रूप से माया ठाकुर, हर्षा देवांगन, विद्या गौर, ममता साहसी, सुश्री आरती संचेती, रंजना राजपूत, स्वाति राजपूत, जुली भंसाली, नीता भंसाली, रेनू किरण निषाद, ममता गौर, शीतल कुलदीप तथा तुकेश्वरी तांडिया आयोजनकर्ता के रूप में सक्रिय रहे।

### नवरात्रि पर भोथली में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**गुरूर।** नवदुर्गा उत्सव समिति ग्राम भोथली द्वारा नवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे। अतिथियों में सरपंच ग्राम पंचायत भोथली चुन्नी महेन्द्र साहू, महासचिव गुरूर कैलाश बंजारे, सरपंच ग्राम पंचायत मोहरा तेजेश्वरी चन्द्रहास नेताम, सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी डाकेश साहू, नर्स भोथली दीपरेखा यादव, रामजी साहू, गजेन्द्र मदन लाल साहू उपस्थित थे। इसमे समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्म साहू, उपाध्यक्ष झग्गर साहू, कोषाध्यक्ष तोरण लाल साहू, सचिव टवेन्द्र कुमार रावटे, सहयोगी डोमन लाल उपस्थित थे।

# सेजेस के 15 खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए हुए चयनित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस, कुसुमकसा के विद्यार्थियों ने दुर्ग और राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय जिम्नास्टिक्स, कुश्ती और शतरंज प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कुल 15 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

जिम्नास्टिक्स में अंडर 17 बालिका में मोनालिसा साहू, लीना पटेल, कविता। अंडर 19 बालिका में सोनम पटेल, शालिनी। अंडर 17 बालक में पूरब यादव, रेहान खान। अंडर 19 बालक में जितेश, डामेंद्र, आदित्य। अंडर 14 बालक में अनुज कुमार। अंडर 14 बालिका में रागिनी, प्रियंका। कुश्ती अंडर 17 बालिका में लक्ष्मी मानिकपुरी, शतरंज अंडर 17 बालक में गगन साहू शामिल हैं। गगन साहू ने जीता कांस्य पदक, करेंगे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व विद्यालय के होनहार शतरंज खिलाड़ी गगन साहू ने मुंगेली जिले में हुई 25 वीं राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पूरे राज्य में पांचवां स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक जीता। गगन साहू अब आगामी राष्ट्रीय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय पी.टी.आई. लक्ष्मण गुरुंग और शेष कुमार कोसमे को दिया गया, जिन्होंने ग्रामीण अंचल में खेलों के प्रति जागरूकता विकसित की। प्राचार्य सुनीता यादव सहित ग्राम सरपंच वेदबाई पिस्दा, उप सरपंच नितिन जैन, जनप्रतिनिधियों और समस्त शिक्षकगणों ने खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सेवा पखवाड़ा के स्वास्थ्य शिविर में 135 ने करायी जांच



**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों का संस्था में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा के तत्वाधान में मंगलवार दिनांक 30 सितंबर को आईटीआई सूरेगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 135 प्रशिक्षणार्थी एवं कर्मचारी एवं अधिकारियों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन करने के लिए डॉ दीप्ति साहू अशोक ठाकुर, अभिषेक देवांगन, लोकेंद्र वर्मा अनीता साहू, कुलेश्वर स्वास्थ्य विभाग चिरायु की टीम ने प्रशिक्षणार्थियों का चेकअप व उपचार किया। डॉ दीप्ति साहू के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सिकल सेल, स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार के बारे में सविस्तार प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया। प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का जवाब भी बड़े ही सरलता पूर्वक डॉ दीप्ति साहू के द्वारा दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगांव के कर्मचारी नागेश साहू, आर टंडन, नील कुमारी देशमुख एवं प्रेम साहू का विशेष योगदान रहा। संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रवीण कुमार यादव, डुलेश्वर साहू प्रशिक्षण अधिकारी, डी के देशमुख प्रशिक्षण अधिकारी, के पी साहू प्रशिक्षण अधिकारी, एफ के देशमुख प्रशिक्षण अधिकारी, कुशाल देवांगन प्रशिक्षण अधिकारी एवं पवन कुमार ठाकुर कुलेश्वर देशमुख कार्यक्रम में शामिल रहे तथा संस्था के प्रभारी प्राचार्य ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनके स्वास्थ्य के लिए उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान किया गया।

### छात्रों ने जाना अंग्रेजी ब्लू प्रिंट का महत्व



**डौंडीलोहारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरतला रोड में जोन स्तरीय ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम जोन प्राचार्य रामजी लाल ध्रुवे ने कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय के ब्लूप्रिंट के महत्व को टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि इससे हम पेपर में स्पष्टता, सामंजस्य, विषय वस्तु का ज्ञान, कठिनाई का स्तर, संज्ञानात्मक स्तर के प्रश्नों व उनकी संख्या, चयन व विकल्प के प्रश्नों के प्रकार, सटीक मूल्यांकन की उचित व्यवस्था कर सकते हैं। पूरे पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं को शामिल कर सकते हैं। ब्लूप्रिंट पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इससे मूल्यांकन में संतुलन, उद्देश्य की पूर्ति, अंकों का सही वितरण, त्रुटियों में कमी होती है। यह छात्रों के लिए बहुत उपयोगी होता है। इस कार्यशाला में अर्पणा पाठक, नारायण वर्मा, प्रतिभा मोरे, रोशनी साहू के साथ जोन के समस्त अंग्रेजी की व्याख्याता उपस्थित थे।

### 15 स्व सहायता समूहों को 30 लाख का ऋण वितरित



**गुरूर।** महिला उद्यमी योजनांतर्गत बैंक ऑफ बड़ोदा गुरूर शाखा द्वारा 15 स्व सहायता समूहों के सदस्यों को आजीविका गतिविधयों के लिए 30 लाख का ऋण वितरण किया गया। ऋण वितरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद गुरुर उमेश रात्रे एवं शाखा प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सिंह के हाथों वितरण किया गया। जनपद पंचायत गुरूर के द्वारा कुल 36 समूह सदस्यों का ऋण प्रकरण तैयार कर प्रेशित किया गया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शाखा प्रबंधक द्वारा वितरण की कार्यवाही की गई। बताया गया कि शेश प्रकरण एक सप्ताह के अंदर स्वीकृति वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर समूह के ऋणी सदस्यच अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एल.सिरमौर, एन.के.बागडे. और एरिया कोऑर्डिनेटर ख्याति जैन उपस्थित थी।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनी



**अंडा।** ग्राम चंदखुरी में सभी बुथ में सेवा पखवाडा कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में तैलचित्र में पूजा अर्चना कर मनाया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। कार्यक्रम में बिरेंद्र साहू पूर्व विधायक गुंडरदेही, प्रभारी राजू चंद्राकर, सुशील देवांगन बुथ अध्यक्ष, खेमलाल चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य,जनपद सदस्य गोपाल यादव, हेमलता देशमुख पूर्व सरपंच, नूतन निर्मलकर मंडल उपाध्यक्ष, डोमन चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,मनी निषाद बुथ अध्यक्ष,मन्नुलाल चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पोषण देवांगन बुथ अध्यक्ष, त्रिवेणी देवांगन भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, धर्मेंद्र देशमुख रमाकांत देशमुख , कृष्णा देवांगन, मोहित चंद्राकर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आलबरस के मुक्तिधाम में फलदार पौधारोपण किया गया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आलबरस के मुक्ति धाम में फलदार पौधारोपण किया गया हैं। पौधा लगाओ गावं मे हरियाली लाओ जीवन बचाओं, इस सभी फलदार पौधा का देखभाल करने का संकल्प समस्त ग्रामवासियों ने लिए, वृक्ष हैं तो जीवन हैं, इस अवसर पर सैनिक भुवनलाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, नंदू राम देशमुख उपसरपंच, खिलेंद्र देशमुख ईट भट्ठा, हेमंत देशमुख सोमनाथ देशमुख , दिलीप चंदेल,अंजू निर्मलकर, सरोजिनी देशमुख , बलदिन भाई ठाकुर, रेणुका देशमुख, श्वेता हरमुख, रामशिला निषाद, वंदना रामटेक, दुर्गेश्वरी देशमुख, कौशल्या, कुमारी रामटेक, पूर्णिमा नेता, योगेश्वर प्रसाद देशमुख, शैलेंद्र कुमार देशमुख, अलखराम यादव, लेखराम ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### दुर्गा अष्टमी पर हुआ हवन

**गुण्डरदेही।** आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा में नवरात्रि के पवित्र पर्व पर ग्राम पंचायत सिकोसा में मां दुर्गा की स्थापना की गई है। पटेल चौक सिकोसा में स्थित पंडाल मे क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद और जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, सरपंच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, समस्त पंचगण सुखीत लहरे, चौन सिंह पटेल, चौन जोशी, कन्नौज, श्रवण साहू, टोमन पटेल, थानु राम पटेल, राजकुमार चंद्राकर और समिति के सदस्य उपस्थित थे। क्षेत्रीय विधायक और जनपद सदस्य व पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में समृद्धि और खुशहाली की कामना की और देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## विकसित और आत्मनिर्भर भारत थीम पर था विज्ञान मेले का आयोजन

# विज्ञान मेले में वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी और पश्चिम भारत विज्ञान मेला के लिए विकासखंड स्तरीय विज्ञान मेला का सफल आयोजन बीआरसी कार्यालय डौंडी में किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत था।

मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रोहित सिन्हा और बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा की उपस्थिति में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान मेला में सतत कृषि विकास, अपशिष्ट प्रबंधन, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय माडल, स्वास्थ्य और स्वच्छता, और जल संरक्षण एवं प्रबंधन जैसे 8 उप-विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए।

सतत कृषि संजीवनी ठाकुर स्मार्ट खुरपी पौधा प्लांटेशन शासकीय हाई स्कूल खैरवाही। अपशिष्ट



प्रबंधन तीभा साहू शासकीय उ.मा.वि. सुरडोंगर। हरित ऊर्जा दामिनी ठाकुर सोलर लाइट स्मार्ट टॉयलेट सेजेस कुसुमकसा। उभरती हुई प्रौद्योगिकी आराध्या गुप्ता स्मार्ट स्ट्रीक सेजेस कुसुमकसा। मनोरंजक गणितीय माडलिंग कु. गुंजा त्रिकोणमिति माडल सेजेस खल्लारी। स्वास्थ्य और स्वच्छता वासनी साहू मटका स्टैंड शासकीय उ.मा.वि. सुरडोंगर। जल संरक्षण एवं प्रबंधन दुष्यंत यादव जल संरक्षण माडल शासकीय पूर्व मा.वि. गोटुलमुंडा शामिल हैं।

अन्य प्रतियोगिताओं में विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान पर तुलसी एवं साथी रहे। शिक्षक संगोष्ठी में क्वांटम युग का आगाज विषय पर संजय बंजारे (उ.मा.वि. सुरडोंगर) प्रथम रहे। शिक्षण एवं सहायक सामग्री में तामसिंग पारकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों ने कहा कि यह विज्ञान मेला विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को बाहर लाने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। सफल आयोजन में प्रभारी शिक्षकों, जिनमें मोहन लाल सार्वा, वर्षा, धर्मेंद्र श्रवण, शिल्पी राय, शंभू राम ठाकुर आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411